# उत्तराखण्ड आयुर्वेद विश्वविद्यालय

(उत्तराखण्ड सरकार का स्वायत्तशासी निकाय, विश्वविद्यालय अनुदान अधिनियम, 1956 की धारा 2(एफ)के अन्तर्गत मान्यता प्राप्त, भारतीय विश्वविद्यालय संघ (ए.आई.यू) की सदस्यता प्राप्त)

रेलवे रोड, हर्रावाला, देहरादून (उत्तराखण्ड)— 248001

Phone:+91-135-2685993, Fax: +91-1352685124; Email: uttarakhandayurved@gmail.com Website: www.uau.ac.in


दिनांकः 21 अगस्त 2026

संख्याः 1525/उ0आ0वि0/अधि0/2026—27/

—:विज्ञप्तिः—

उत्तराखण्ड शासन के पत्र संख्या 1626/XL-1/2026-54/2020(E-41097) दिनांक 18 जून, 2026 में प्राप्त निर्देशानुसार व विश्वविद्यालय मे कार्मिको की नितान्त आवकश्यकता के क्रम में उत्तराखण्ड आयुर्वेद विश्वविद्यालय में आवश्यक विभागीय कार्यों के सुगम संचालन के लिये सेवा स्थानान्तरण / प्रतिनियुक्ति के माध्यम से 01 वर्ष हेतु कार्मिकों की तैनाती की जानी है, जो आवश्यकतानुसार समय-समय पर आगे बढ़ाई जा सकती है। सेवा स्थानान्तरण / प्रतिनियुक्ति हेतु उत्तराखण्ड राज्याधीन विभागों के अन्तर्गत कार्यरत बांछित संवर्ग के कार्मिक पात्र होंगे। रिक्त पदों की संख्या, वेतन लेवल तथा अपेक्षित अर्हतायें निम्नानुसार हैं-

| क्र0सं० | रिक्त पद | संख्या | अपेक्षित वेतन लेवल | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सहायक लेखाकार | 03 | 29200—92300 लेवल 5 | वर्तमान पद पर 03 वर्ष का अनुभव आवश्यक है। |
| 2 | डाटा एन्ट्री ऑपरेटर | 06 | 21700—69100 लेवल 2 | वर्तमान पद पर 03 वर्ष का अनुभव आवश्यक है। |
| 3 | स्टोर कीपर | 03 | 19900—63200 लेवल 3 | वर्तमान पद पर 03 वर्ष का अनुभव आवश्यक है। |
| 4 | कनिष्ठ सहायक | 09 | 21700—69100 लेवल 3 | वर्तमान पद पर 03 वर्ष का अनुभव आवश्यक है। |
| 5 | वरिष्ठ सहायक | 03 | 29200—92300 लेवल 5 | वर्तमान पद पर 03 वर्ष का अनुभव आवश्यक है। |
| 6 | लेखाकार | 01 | 35400—112400 लेवल 6 | वर्तमान पद पर 03 वर्ष का अनुभव आवश्यक है। |
| 7 | पंचकर्म सहायक | 14 | 21700—69100 लेवल 2 | वर्तमान पद पर 03 वर्ष का अनुभव आवश्यक है। |
| 8 | फिजियोथैरेपिस्ट | 03 | 35400—112400 लेवल 6 | वर्तमान पद पर 03 वर्ष का अनुभव आवश्यक है। |
| 9 | पुस्तकालय सहायक/सूचीकार | 04 | 19900—63200 लेवल 2 | वर्तमान पद पर 03 वर्ष का अनुभव आवश्यक है। |
| 10 | पुस्तकालयाध्यक्ष | 02 | 35400—112400 लेवल 6 | वर्तमान पद पर 03 वर्ष का अनुभव आवश्यक है। |

**<u>प्रतिनियुक्ति के लिए सामान्य शर्तें -</u>**

1— कार्मिको (लिपिक एवं लेखा संवर्गीय) को विभागीय पत्रावलियों के संचालन नोटशीट व पत्र आलेखन का उत्तम ज्ञान हो।

2—हिन्दी व अंग्रेजी टंकण का ज्ञान तथा MS Word व Excel पर कार्य करने का उत्तम ज्ञान होना आवश्यक है।

3—राज्य में प्रचलित नियमों शासनादेशों, वित्तीय शासनादेशों तथा नई तकनीकी का ज्ञान होना आवश्यक है।

4—विश्वविद्यालय के कार्यो की गोपनीयता व समयबद्ध प्रकृति के दृष्टिगत कार्मिक का कार्य में निपुण होना तथा कार्यव्यवहार उत्कृष्ठ होना आवश्यक है।

5— साक्षात्कार के समय विभागीय अनापत्ति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

उपरोक्त पदों पर आवेदन हेतु प्रकाशन तिथि 22 अगस्त, 2026 तथा आवेदन प्राप्ति की अन्तिम तिथि 06 सितम्बर, 2026 सायं 5 बजे तक निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। अभ्यर्थियों हेतु आवेदन पत्र ऑफलाईन माध्यम से उपलब्ध है। आवेदन से सम्बन्धित अन्य जानकारी अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट **Website: www.uau.ac.in** पर जाकर प्राप्त कर सकते हैं तथा आवेदन करने के इच्छुक अभ्यर्थी अपेक्षित शैक्षिक प्रमाण-पत्र, अनुभव प्रमाण-पत्र तथा अन्य प्रासंगिक दस्तावेजों की प्रतियां (स्वप्रमाणित), दिये गये प्रारूप के साथ डाक (रजिस्टर्ड / स्पीड पोस्ट) से प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

**संलग्नकः- यथोपरि।**

21.8.26

(डॉ0 शिवकुमार बरनवाल)
कुलसचिव

# सेवा स्थानान्तरण/प्रतिनियुक्ति हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

स्वप्रमाणित नवीनतम फोटोग्राफ

सेवा में,

कुलसचिव,
उत्तराखण्ड आयुर्वेद विश्वविद्यालय,
हर्रावाला, देहरादून।

**विषयः–**

**उत्तराखण्ड आयुर्वेद विश्वविद्यालय में, सेवा स्थानान्तरण/प्रतिनियुक्ति पर कार्मिको की तैनाती के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

मैं,.........................................आपके संस्थान में.........................................के पद हेतु सेवा स्थानान्तरण/प्रतिनियुक्ति के माध्यम से तैनाती हेतु आवेदन करता/करती हूँ। मैं, इस पद के लिए निर्धारित योग्यता और अनुभव को पूरा करता/करती हूँ। मेरे विवरण निम्नानुसार है–

**व्यक्तिगत विवरण–**

1. पूरा नाम– ..........................................................................................
2. पिता/पति का नाम– ..........................................................................................
3. जन्म तिथि– ..........................................................................................
4. राष्ट्रीयता– ..........................................................................................
5. वर्तमान पता– ..........................................................................................
   ..........................................................................................
6. स्थाई पता– ..........................................................................................
   ..........................................................................................
7. मोबाईल नं0– ..........................................................................................
8. ई–मेल– ..........................................................................................

**वर्तमान नियुक्ति का विवरण–**

1. **वर्तमान पद–** ..........................................................................................
2. **विभाग–** ..........................................................................................
3. **वेतन मेट्रिक्स/लेवल–** ..........................................................................................
4. **नियुक्ति की प्रकृति– स्थाई/अस्थाई** ..........................................................................................
5. **वर्तमान तैनाती/कार्यालय–**..........................................................................................
6. **नियुक्ति की तिथि–**..........................................................................................

**शैक्षिक योग्यता–**

| क्र0सं0 | शैक्षिक अर्हता | विश्वविद्यालय का नाम | वर्ष | प्रतिशत/ग्रेड |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

- **अनुभव व कौशल–**..........................................................................................
  ..........................................................................................
  ..........................................................................................

- विशेष उपलब्धियां–..........................................................................................................................................................................................................................................................................................................
- अब तक कार्यकाल में पूर्व में ली गई सेवा स्थानान्तरण/प्रतिनियुक्तिां विवरण (विभागवार)..........................................................................................................................................................................................................................................................................................................

मा0 न्यायालय वाद न चलने सम्बन्धी प्रमाण–पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कु0..........................................................का किसी भी मा0 न्यायालय में किसी भी प्रकार का वाद नही चल रहा है तथा न ही किसी भी प्रकार का वाद लम्बित है।

हस्ताक्षर

नाम......................................

दिनांक................................

**घोषणा**

मैं, ......................................................................................... .................पद के लिए निर्धारित पात्रता मानदण्डों को पूरा करता/करती हूँ, जैसा कि विज्ञापन/वेबसाईट में उल्लिखित है। निर्धारित आपेक्षित शैक्षिक प्रमाण–पत्र, अनुभव प्रमाण–पत्र तथा अन्य प्रासंगिक दस्तावेजो की प्रतियां (स्वप्रमाणित) संलग्न कर दी गई है।

मैं, घोषणा करता/करती हूँ कि उपरोक्त दी गयी सभी जानकारी मेरे ज्ञान के अनुसार सत्य और सही है। यदि कोई जानकारी गलत पाई जाती है। तो मै, इसके लिए पूर्ण जिम्मेदार रहूंगा/रहूंगी।

हस्ताक्षर

नाम......................................

दिनांक.....................................